## एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरु

**भरतपुर** (निस)। महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय का एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन एसएन पीजी कालेज हलैना द्वारा लोहागढ स्टेडियम भरतपुर में कराया। जिसका षुभारंभ मंगलवार को महाराजा सूरजमल ब्रज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश कुमार सिंह धाकर द्वारा किया गया। जिन्होंने खेल को बढावा देने के लिए विश्वविद्यालय केम्पस में स्टेडियम का निर्माण प्रारम्भ करा दिया है। छात्र एवं छात्राओं को विश्वविद्यालय के खर्चा पर बाहर जाने की सुविधा प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार आयोजन सचिव ने आभार भाषण में कहा कि कुलपति ने प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन स्वयं के कालेज में कराकर छात्र एवं छात्राओं को सुविधा प्रदान की। कुलपति ने सविधान पार्क का निर्माण का कार्य किया तथा महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का निर्माण कराकर अदभुत कार्य किया। आपने छात्र एवं कर्मचारी हित के लिए कार्य किया। इस प्रतियोगिता में एस.एन. कालेज हलैना, एस.आर.एस. कुम्हेर, एमएसजे भरतपुर, राजकीय महाविद्यालय धौलपुर, एमएजे डीग आदि 21 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग कलिया जिसमें लगभग 200 छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

# बढ़ते डिहाईड्रेशन के मरीजों की समस्या को गंभीरता से लिया जाए : सभापति

**हिण्डौन।** शहर की दर्जनों कॉलोनियों में गत दिनों से लगातार बढ़ रहे संक्रमण के चलते डिहाइड्रेशन से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ोतरी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद के सभापति बृजेश जाटव एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर चेतन शर्मा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने उपखंड प्रशासन से मामले को लेकर चर्चा की और समस्या पर शीघ्र काबू पाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास करने की जरूरत बताई ।



**सभापति बृजेश जाटव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने उपखंड प्रशासन से डिहाइड्रेशन मामले को लेकर चर्चा की ।**

उल्लेखनीय है कि शहर के चौबे पाड़ा, बसवारा पाड़ा, काना हनुमान पाड़ा, पुरानी कचहरी एवं पुराने शहर की लगभग दर्जनों कॉलोनियों में गत दिनों से अचानक संक्रमण फैलने और उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने की एक समस्या सामने आ रही है । सर्दी के मौसम में रोजाना बढ़ रहे उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या को लेकर चिकित्सा विभाग भी चिंतित है। चिकित्सा अधिकारियों का मानना है कि गर्मी के मौसम में इस तरह की समस्या का आना सामान्य बात हो सकती है । लेकिन सर्दी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या का बढ़ना एक गंभीर बात है । चिकित्सा अधिकारी एवं शहर के लोग इसका कारण दूषित पेयजल आपूर्ति मान रहे हैं। वहीं जनप्रतिनिधि भी शहर की दर्जनों कॉलोनी में फैल रही संक्रमण की समस्या का कारण भी दूषित पेयजल आपूर्ति ईमान रहे हैं । शहर में दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण उल्टी दस्त से पीड़ित लोगों को उचित उपचार तथा जलदाय विभाग की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव, अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के कोऑर्डिनेटर चेतन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मामू,पूर्व उपसभापति नफीस अहमद व पूर्व पार्षद गोपेंद्र पावटा ने उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया व जलदाय विभाग एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की।अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के कोऑर्डिनेटर चेतन शर्मा पूर्व उपसभापति नफीस अहमद पूर्व पार्षद गोपेंद्र पावटा युवा कांठोस के महासचिव जितेंद्र जैन ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों की कुशलक्षेम भी पूछी।

## अग्रवाल समाज चुनाव कार्यक्रम घोषित

**करौली** (नि.स.)। अग्रवाल समाज करौली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कैलाश चंद गुप्ता भगत ने बताया कि अग्रवाल समाज करौली की कार्यकारिणी हेतु अध्यक्ष पद सहित 20 कार्यकारिणी सदस्यों एवं मंदिर श्री गोविंद देवजी पंच अग्रवालान के 6 ट्रस्टीयों के चुनाव संपन्न कराने हेतु सर्वसम्मति से चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है संशोधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 11 दिसंबर सॉय 6:00 बजे कर दिया जावेगा।

निर्वाचन अधिकारी कैलाश भगत ने बताया की चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को आवेदन फार्म जारी करना एवं भरे हुए आवेदन फार्म जमा करवाने हेतु 15 से 18 दिसंबर सॉय बजे 4:00 से 6:00 बजे तक का समय निर्धारित है।भरे हुए फार्मो की जांच 19 दिसंबर सॉय 4:00 बजे तक कर ली जावेगी इसके पश्चात वैध प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन इसी दिन सॉय 6:00 बजे तक कर दिया जावेगा उम्मीदवारी से नाम वापसी,आवेदन पत्र जमा करवाने हेतु 20 से 22 दिसंबर दोपहर 4:00 से 6:00 बजे तक समय निर्धारित किया गया है चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 22 दिसंबर किया जावेगा।

## सार-समाचार

### भागवत कथा की तैयारियां जोरों पर

**गंगापुर सिटी** । श्री राम कथा सेवा समिति के तत्वधान में आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। भागवत कथा के सभी संयोजको की संयुक्त मीटिंग किरण पैलेस में आयोजित की गई। मीटिंग में गणेश जी निमंत्रण, कलश यात्रा के कूपनो का वितरण एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भागवत कथा मुख्य संयोजक सीएल सैनी ने बताया कि आज बुधवार प्रातः 8:30 बजे घास मंडी गुर्जर मोहल्ला स्थित प्रथम पूज्य महराज गणेश जी को भागवत कथा के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। इस हेतु भागवत कथा के सभी सदस्यगणो से आग्रह है कि गणेश जी निमंत्रण में समय पर मन्दिर पर पधारे। कलश यात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाने हेतु आज से कूपनों के वितरण का कार्य प्रारंभ हो रहा है । कूपन प्राप्ति के लिए शहर भर में दर्जनों काउंटर बनाए गए । मीटिंग में राजकुमार गोयनका, घनश्याम बजाज सहित सभी संयोजक मौजूद रहे।

### डॉ. सतीश पूनिया आज वैर में

**भरतपुर** (निस)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां बुधवार को वैर के प्रवास पर रहेंगे। जिला प्रवक्ता नरेश सेन ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया दोपहर 12 बजे भरतपुर के वैर में मिजाजपुर गांव में जन आक्रोश रथयात्रा कार्यक्रम में नुक्कड सभा को संबोधित करेंगे। जिसके बाद 12.30 बजे खेरली ब्राह्मण से सलेमपुर कलां तक किसान ट्रैक्टर रैली में शामिल होंगे ।

### शादी का सामान दिया

**भरतपुर** (निस)। श्री मित्र भारत समाज संस्थान द्वारा एक अनाथ कन्या की शादी में सहायतार्थ शादी का सामान संस्थान के संस्थापक भगवत कटारा के सानिध्य में पंडित ताराचंद चिचाना, सुधा शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा युवा जिला अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा भरतपुर, ईश्वर देव शर्मा, चन्द्रभान माहोर, दिलीप सोगरवाल, दीपांश कटारा ने सिलाई मशीन दी।

## चिकित्सा शिविर में 410 लोग हुए लाभान्वित

करौली (नि.स.)। करौली के यूनानी चिकित्सालय में आयोजित चिकित्सा शिविर के दौरान 410 लोग लाभान्वित हुए जिन को निशुल्क उपचार दिया गया।

सोमवार को निदेशालय यूनानी चिकित्सा विभाग के तत्वाधान में राजस्थान सरकार की योजना के अंतर्गत विशाल निशुल्क यूनानी चिकित्सा एवं हिजामा शिविर का आयोजन शहर के डोलीखार मोहल्ले में आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि करौली नगर परिषद की सभापति रशीदा खातून के द्वारा फीता काटकर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय अल्पसंख्यक कल्याण कमेटी के सदस्य हाजी रुखसार अहमद के द्वारा की गई तथा मनोनीत पार्षद अमीनउद्दीन खान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति रशीदा खातून ने कहा कि ऐसे शिविर आयोजित करने से आमजन लाभान्वित होता है वही उन्होंने शिविर की आवश्यकता पर जोर दिया ।

हाजी रुखसार अहमद ने कहा कि गरीब,असहाय के दुख दर्द दूर होने पर शिविर की सार्थकता रहेगी इस अवसर पर शिविर प्रभारी डॉ. हिफजुल रहमान ने बताया कि शिविर 2 दिन तक संचालित रहेगा एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी शिविर प्रभारी डॉ0 फैयाज अहमद निदेशक यूनानी चिकित्सा विभाग राजस्थान का खास तरीके से करौली में शिविर लगाने पर शुक्रिया अदा किया कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य फजले अहमद के द्वारा किया गया इस अवसर पर डॉ. नुसरत बानो,कंपाउंडर केशव चंद शर्मा,कृष्णा कुमारी मीणा सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**गंगापुर सिटी** । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र द्वारा जिला कलेक्टर श्रीमान सुरेश कुमार ओला के मार्गनिर्देशन में ब्लॉक गंगापुर सिटी के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों रिजुल गर्ग द्वारा आज राजकीय कन्या महाविद्यालय मे निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया जिसकी शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। राजकीय कन्या महाविद्यालय गंगापुर सिटी मे इंटेंसिव वॉलिंटियर इनरोलमेंट् कार्यक्रम के तहत युवाओ ने उत्साह दिखाया और प्रतियोगिता में अधिक से अधिक युवाओं ने इसमे भागीदारी निभाई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे महाविद्यालय प्रभारी प्रो. रामकेश मीना ने छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा की अपने जीवन मे पढाई के साथ साथ इस प्रकार की प्रतियोगिता व नई नई गतिविधियों मे भाग लेना ही चाइये जिससे स्वयं मे सामान्य स्किल्स को विकसित किया जा सकें।

## हजारों लोगों ने पाई अन्नकूट महाप्रसाद

**भरतपुर** । बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर के 66 वे परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि व विचार संगोष्ठी कार्यक्रम जिला कलेक्ट्रेट के सामने अंबेडकर भवन पर आयोजित किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी सुरेश आर्य रहें। जिसकी अध्यक्षता मोती सिंह पार्षद ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दो मिनट मौन धारण कर की गई। जिसमें सुरेश आर्य ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने छह दिसंबर 1956 को अंतिम सांस ली थी. आज के दिन परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है. अंबेडकर दलित वर्ग को समानता दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। उन्ह्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, दलितों और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। अंबेडकर ने खुद भी उस छुआछूत, भेदभाव और जातिवाद का सामना किया है, जिसने भारतीय समाज को खोखला बना दिया था। आर्य ने कहा कि बसपा ही बाबा साहब के मिशन को पूरा करने में लगी हुई हैं। प्रत्येक वर्ग को न्याय मिलें, जाति, रंग, लिंग के आधार पर किसी तरह का भेदभाव न हो, सभी को सम्मान मिलें। आज राजस्थान कांग्रेस सरकार में दलित मुस्लिम गरीब लोगों के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार को रोकने में विफल हैं। राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि संगठन की टीम प्रदेष के हर जिले में कार्य कर रही है। बसपा ने आगामी विधानसभा चुनावों में 50 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य बनाया है। जिसे लेकर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र में मजबूती से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंहगाई, किसानों की समस्याओं एवं कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे।

## अन्नकूट प्रसादी का भोग

**करौली** (नि.स.) शहर के मंडरायल रोड स्थित ठाकुर बाबा मंदिर पर अन्नकूट प्रसादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर पंगत में प्रसादी ग्रहण की।

ठाकुर बाबा भक्त मंडल के सदस्य बृजलाल माली ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर को सुगंधित पुष्पों और रंगीन रोशनी से सजाया गया वही ठाकुर बाबा को कढ़ी,चावल,बाजरा,चपाती का भोग लगाकर देर रात तक आए हजारों की संख्या में लोगों को पंगत में बैठाकर प्रसादी ग्रहण कराई उन्होंने बताया कि इस अवसर पर ठाकुर बाबा भक्त मंडल की ओर से समाज के लोगों का स्वागत सम्मान भी किया गया जिसमें नगर परिषद के पूर्व सभापति बद्री माली,नगर परिषद के उपसभापति सुनील सैनी के अलावा कई अन्य प्रमुख लोगों का विजय राम सैनी, बृजलाल माली,धर्मेंद्र सैनी,अमर सिंह सैनी,केशव माली,प्रीतम सैनी आदि ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया।

## 'स्कूल में भारत स्काउट गाइड गतिविधि का संचालन करें'

**करौली**, (नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किया जा रहा है डीएलएड छात्र अध्यापिका स्काउट गाइड ग्रुप शिविर को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुख्यालय करौली राधेश्याम मीणा ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय के संस्था प्रधान का यह दायित्व है कि वह अपने विद्यालय में अनिवार्य रूप से भारत स्काउट गाइड गतिविधि को संचालित करें। सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया की 2 से 8 दिसंबर तक जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय आवासीय स्काउट गाइड ग्रुप शिविर में पांचवी दिवस का झंडारोहण करने के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित छात्र अध्यापिकाओ को संबोधित करते हुए कहा की स्काउट गाइड प्रवृत्ति बालक,बालिकाओं में अनुशासन पैदा करने का एक सशक्त माध्यम है इससे बालक बालिकाओं में देश प्रेम की भावना का विकास होता है और वह अपने विद्यालय के विकास में योगदान प्रदान करता है उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में भारत स्काउट गाइड गतिविधि का अनिवार्य रूप से संचालन किया जाना चाहिऐ शिक्षा निदेशक के आदेशानुसार नो बैग डे के दिन विद्यालयों में भारत स्काउट गाइड गतिविधि का अनिवार्य रूप से संचालन करें इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बंशी का बाग करौली के प्रधानाध्यापक मदन मोहन शर्मा के शिविर में पहुंचने पर छात्रा अध्यापिकाओ ने सहायक शिविर संचालक भगवान सिंह भंडारी के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया एवं संचालक हीरालाल रावत एवं ट्रेनिंग काउंसलर उमाशंकर शर्मा ने स्कार्फ पहनाकर स्काउट गाइड की विधि के अनुसार स्वागत किया।

## बिजली कटौती पर प्रदर्शन

**कामां** (निस)। कामां क्षेत्र के लुहेसर गांव में विद्युत समस्या को लेकर ग्रामीणों की तो नाराजगी है ही लेकिन अब महिलाएं भी पीछे नजर नहीं आ रही है। मंगलवार को महिलाओं ने कामां पहाड़ी रोड को अवरुद्ध कर पुरुषों के साथ विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही ग्रामीण और महिलाओं ने रोड पर मटके रखकर एवं मटके फोड़कर अपनी नाराजगी व्यक्त की गई। वही महिला पुरुषों के विरोध प्रदर्शन की सूचना पर कामां एसडीएम दिनेश शर्मा, डीएसपी प्रदीप यादव तथा थानाधिकारी रामकिशन यादव पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों से समझाइश कर अवरुद्ध किए गए रास्ते को सुचारू कराया गया। जिसके बाद एसडीएम ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अनुराग शर्मा कनिष्ठ अभियंता आफताब अंसारी सहित बिजली विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर ग्रामीणों से वार्ता की गई। एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीण महिला पुरुष शांत हुए जिसके बाद एसडीएम ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अनुराग शर्मा को तुरंत प्रभाव से ग्रामीणों की समस्या समाधान करने के निर्देश दिए गए।

# पीएम फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कृषकों का प्रशिक्षण

- **कृषकों को जिले में लागू प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना की विस्तार से जानकारी दी**
- **रिलायंस बीमा कंपनी के जिला संयोजक हिमांशु द्विवेदी ने भी योजना की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी**

**भरतपुर** (निस)। प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के लिए कृषकों को रिलायंस बीमा कंपनी द्वारा मंगलवार को सहायक निदेशक कृषि, बयाना के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि संभाग भरतपुर के संयुक्त निदेशक देशराज सिंह ने कृषकों को जिले में लागू प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के तहत बीमित सभी फसलों के लिए किसानों द्वारा दिए जाने वाले प्रीमियम की जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को अपनी फसलों के बीमा कराने के लिए बहुत कम प्रीमियम देना होता है और बाकी के हिस्से की राशि सरकार द्वारा वहन की जाती है। आत्मा के परियोजना निदेशक योगेश कुमार शर्मा ने कृषकों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना का प्रशिक्षण ध्यान देकर और गंभीरता से करें ताकि क्षेत्र में जाकर कृषकों को प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना की सटीक और स्पष्ट जानकारी मिल सके ताकि किसान इसका भरपूर लाभ उठा सकें। उन्होंने सभी कृषक मित्रों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र में जाकर प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना का किसानों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि इस योजना का वास्तविक लाभ किसानों को मिल सके। सहायक निदेशक कृषि, बयाना के सुरेश कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले में प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के तहत बीमित फसलों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी किसान जागरूकता दिखाते हुए प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के तहत अपनी फसलों को बीमित कराएं। रिलायंस बीमा कंपनी के जिला संयोजक हिमांशु द्विवेदी द्वारा प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना के बारे में कंपनी द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए चरणबद्ध तरीके से फसलों के बीमा कराने की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में कृषक मित्रों द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 100 कृषक मित्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन करते हुए एस के सिंह, उप निदेशक कृशि शष्य संभाग भरतपुर द्वारा सभी अतिथियों और कृषक मित्रों का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना का कृषक मित्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार होगा और किसानों को इसका समुचित लाभ मिलेगा।

## सड़क हादसों में दो जनों की मौत

**गंगापुर सिटी** । मंगलवार दोपहर दौलतपुर रोड पर एक स्कार्पियो की टक्कर से पैदल जा रही है एक 65 वर्षीय वृद्धा पत्नि हरीप्रसाद माली की मौत हो गई। सदर थाने के एचएम राकेश कुमार व मुरारी लाल मीना ने बताया कि राजीव कॉलोनी निवासी पुष्पा देवी अपनी पुत्रवधु सुनीता के साथ दौलतपुर रोड स्थित खेत पर जा रही थी। तभी पीछे से आ रही एक स्कार्पियो गाडी चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक पुष्पा देवी के टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। जिसे राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। वहीं स्कार्पियो चालक गाडी को छोड कर फरार हो गया जिसे सदर थाना पुलिस थाने में लाकर खडा कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौप दिया। वही दूसरी घटना में करौली-सलेमपुर मार्ग पर सोमवार देर शाम 2 बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई और एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने मृतक महिला का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है ।

# भाजपा की जनाक्रोश यात्रा खैमरा पहुंची



**भाजपा की जनाक्रोश यात्रा की प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ( दाएं से छठवें ) के नेतृत्व में सारस चौराहे से शुरू होकर घना जाटोली, बरसो, बहनेरा, सुनारी, नगला वरताई होते हुए खैमरा पहुंची।**

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी की भरतपुर विधानसभा की जनाक्रोश यात्रा के तीसरे दिन जनाक्रोश यात्रा की जिला संयोजक अभय वीर सिंह सोलंकी के नेतृत्व में सारस चौराहे से शुरू होकर घना जाटोली, बरसो, बहनेरा, सुनारी, नगला वरताई होते हुए खैमरा पहुंची। इन सभी गांव में जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत कहीं डीजे से तो कहीं ढोल नगाड़ों के साथ हुआ एवं नुक्कड़ सभाएं एवं चौपालें आयोजित हुई। जिनमें मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा रहे तथा लोगों की समस्याएं सुनी एवं लोगों ने अपनी समस्याओं को पत्रक में लिखकर शिकायत पेटी में डाला। नुक्कड़ सभा एवं चौपालों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कल से राजस्थान में राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा का प्रारंभ हुआ है। हम उनसे कहना चाहते हैं कि 2014 के बाद इस देश के अंदर ऐसा क्या हुआ है जिसके लिए आप भारत जोड़ो की बात कर रहे हैं भारत तोड़ने की बात आप करते हैं। जो लोग नारा देते हैं भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह उनके पास आप बैठते हैं। उनके माहिती आप बनते हैं क्या धारा 370 हटाना भारत तोड़ना है क्या राम मंदिर बनाना भारत तोड़ना है क्या काशी विश्वनाथ का कोरिडोर बनाना भारत तोड़ना है।

## छात्र छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई

**भरतपुर** (निस)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में दूसरे दिन सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ प्रतियोगिताएँ प्रारम्भ हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाष सोलंकी ने अपने उद्बोधन में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को जीवन में आगे बढ़ने का आषीर्वाद देते हुये कहा कि षिक्षणेत्तर गतिविधियाँ विद्यार्थियों के लिये अतिलाभदायक हैं। इस अवसर पर उन्होनें भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमा पर उनके परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आगाज समिति संयोजक डॉ. अषोक कुमार गुप्ता द्वारा 'हे स्वर की देवी माँ, वाणी में मधुरता दो' वंदना के साथ हुआ। उन्होनें बताया कि व्यंग्य नाटक, सुगम गायन, भजन गायन एकल एवं भारतीय देष भक्ति समूह गायन प्रतियोगिताएँ महाविद्यालय में आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मण्डल में डॉ. सुनीता कुलश्रेष्ठ, प्रो. छीतर मल कोली, डॉ. सरोज देवी, डॉ. कमलेष, सोनल की विशेष भूमिका रही। व्यंग्य नाटक में प्रथम स्थान भावना कुमारी रही।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- **इस योजना में लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना है जो बहुत तकनीकी व उच्च प्रशिक्षित व्यक्तियों का कार्य है।**

**वैर** । आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम मुनिदेव यादव को ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी करने में असमर्थता व्यक्त की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन वैर क्षेत्र परियोजना में कार्यरत हैं। उपखंड अधिकारी द्वारा सीएमएचओ भरतपुर के निर्देश पर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी का कार्य सौंपा है जिसे आंगनवाड़ी वर्करों को घर-घर जाकर चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत जारी कार्डों के लाभार्थी एवं उनके आश्रितों को संपूर्ण विवरण पीएमजेएवाई ऐप के माध्यम से अपडेट करते हुए लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना है जो बहुत ही तकनीकी व उच्च प्रशिक्षित व्यक्तियों के द्वारा किया जाने वाला कार्य है ।जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अल्प तकनीकी रूप से कुशल है। इसके अलावा सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर अपने विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं की जिम्मेदारी के साथ ई पोषण ट्रैकर ,आंगनवाड़ी पाठशाला, पोषाहार वितरण वितरण के रिकॉर्ड के साथ-साथ अपने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने की जिम्मेदारी भी निभानी पड़ती है ।मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी के कार्य की जिम्मेदारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को देकर सरासर गलत कार्य किया है ।आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि उन्हें ईकेवाईसी कार्य से मुक्त किया जाए। ज्ञापन पर कृष्णा कुमारी,उमा अठावाल,हेमलता,ज्योति,ममता,प्रेम कुमारी,सुमन,आशा,पूनम , गौमती सहित अनेकों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर मौजूद है।

## समरता दिवस मनाया

**गंगापुर सिटी** । मंगलवार को विद्यार्थी परिषद द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गंगापुर सिटी द्वारा राजकीय पीजी महाविद्यालय गंगापुर सिटी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला चढाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्रसंघ अध्यक्ष सपना गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता धर्मवीर मीणा रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एबीवीपी के जिला प्रमुख धर्मवीर मीणा ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के संविधान पर चलने वाला संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है जो छात्र हितों के लिए 365 दिन निस्वार्थ भावना से कार्य करता है।

यह भारत देश का सर्वश्रेष्ठ संगठन है एवं सबसे बडा संगठन है यह संविधान की गरिमा में रहकर विद्यार्थियों के लिए कार्य करता है। एबीवीपी के जिला संयोजक सीताराम गुर्जर ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है।

# ईकेवाईसी कार्य से मुक्त करने की मांग, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया

**भरतपुर** । मंगलवार को आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत केवाईसी कार्य करने में हो रही परेशानी के बारे में अवगत कराते हुए इस ईकेवाईसी कार्य की जिम्मेदारी से मुक्त करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बाल विकास विभाग के अधीन षहर परियोजना में कार्यरत आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत जारी कार्डों का 2011 से लाभार्थी एवं उसके आश्रितों का सम्पूर्ण विवरण पीएमजेएवाई एप के माध्यम से अपडेट करते हुए लाभार्थी के रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करने के निर्देष मिले हैं। जो कि तकनीकी एवं उच्च प्रषिक्षित व्यक्तियों के द्वारा किए जाने वाला कार्य है। जबकि आंगनबाडी कार्यकर्ता तकनीकी रूप से अल्प कुषल है। इसके साथ साथ आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को अपने विभाग की



**आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष विमलेष ( बीच में आठवें स्थान पर ) के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप ईकेवाईसी कार्य से मुक्त करने की मांग की ।**

फ्लैगषिप योजनाओं की जिम्मेदारी के साथ साथ पोशण ट्रैकर, आंगनबाडी पाठषाला, पोशाहार विवरण के रिकार्ड संधारण के साथ साथ अपने अपने क्षेत्र के जनसम्पर्क की जिम्मेदारी भी है। जबकि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पास एएनएम व आषा सहयोगिनी जैसे दक्ष प्रषिक्षित व कुषल कर्मचारी के होते हुए भी मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत ईकेवाईसी के कार्य की जिम्मेदारी आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को सौंपना गलत है। इसलिए ज्ञापन देकर मांग की गई है कि इस ईकेवाईसी कार्य से आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को मुक्त किया जाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विमला चौधरी, अंजू डांगुर, वैजन्ती, अंजना, हेमलता, मनीशा, धर्मेष देवी, पुश्पा, साधना, आषा, कमलेष, प्रियंका, विजय सांगर, कुसुम, कमलेष, संजू सिंघल, सुनीता षर्मा, पूनम षर्मा, मधु, चंद्ररेखा, बबली षर्मा सहित काफी संख्या में आंगनबाडी कार्यकर्ता मौजूद रही।